No. of Printed Pages : 02

SEAT NO : ____________

[16]

# SADAR PATEL UNIVERSITY

S.Y.B.A. Examination, [3rd Semester]

Thursday, 28 November 2019

Time : 10-00a.m. To 01-00p.m.

SUBJECT : HINDI LITERATURE PAPER : 21, SUBJECT CODE : UA03CHIN21

SUBJECT TITLE : आधुनिक हिन्दी छायावादी कविता

TOTAL MARKS : 70

---

सूचना : हिन्दी में शिरोरेखा लगाना अनिवार्य है।

प्रश्न : 1 ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। ( किन्हीं तीन ) (15)

(1) असंख्य कीर्ति-रश्मियाँ
विकीर्ण दिव्य दाह-सी
सपूत मातृभूमि के -
रुको न शूर साहसी !
अराती सैन्य सिन्धु में, सुवाड़वाग्नि से जलो,
प्रवीर हो जयी बनो- बढ़े चलो, बढ़े चलो !

(2) सखि, वसन्त आया
भरा हर्ष वन के मन,
नवोत्कर्ष छाया।
किसलय-वसना नव-वय-लतिका
मिली मधुर प्रिय उर-तरु-पतिका
मधुप-वृन्द बन्दी-
पिक - स्वर नभ सरसाया।

(3) जागो फिर एक बार
प्यारे जगाते हुए हारे सब तारे तुम्हें
अरुण-पंख तरुण-किरण
खड़ी खोलती है द्वार -
जागो फिर एक बार !

(4) हाय! मृत्यु का ऐसा अमर, अपार्थिव पूजन?
जब विषण्ण, निर्जीव पड़ा हो जग का जीवन !
संग-सौध में हो श्रृंगार मरण का शोभन,
नग्न, क्षुधातुर वास विहीन रहें जीवित जन?

(5) विस्तृत नभ का कोई कोना
मेरा न कभी अपना होना,
परिचय इतना, इतिहास यही-
उमड़ी कल थी, मिट आज चली !

(1)



[P.T.O.]

प्रश्न : 2 "प्रसाद प्रेम और सौन्दर्य के कवि हैं।"- इस कथन की चर्चा कीजिए। (20)

<u>अथवा</u>

टिप्पणी लिखिए । (क) 'नौका विहार' कविता में प्रकृति-चित्रण।
(ख) 'भारत माता' कविता का मूल-भाव।

प्रश्न : 3 "निराला पौरुष-ओज और विद्रोह के कवि हैं।"- इस कथन की चर्चा कीजिए। (20)

<u>अथवा</u>

टिप्पणी लिखिए । (ग) 'तुम मुझमें प्रिय ! फिर परिचय क्या?'कविता का भाव सौन्दर्य।
(घ) 'मैं नीर भरी दुख की बदली' कविता का भावार्थ।

प्रश्न : 4 (अ) टिप्पणी लिखिए । ( कोई एक ) (08)

(च) 'अरी बरुणा की शांत कछार' कविता का भावार्थ।
(छ) 'यह धरती कितना देती है' कविता का भावार्थ।

(आ) निम्नलिखित अति लघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( किन्हीं सात ) (07)

(1) छायावाद के चार मुख्य कवियों के नाम लिखिए।
(2) प्रसादजी की चार काव्य कृतियों के नाम लिखिए।
(3) आधुनिक युग की मीरा किसे कहा गया?
(4) निरालाजी सबसे ज्यादा किससे प्रभावित थे?
(5) निरालाजी की चार काव्य कृतियों के नाम लिखिए।
(6) पंतजी को भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार किस रचना पर मिला?
(7) पंतजी की चार काव्य कृतियों के नाम लिखिए।
(8) महादेवी वर्मा को भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार किस रचना पर मिला?
(9) महादेवी वर्मा की चार काव्य कृतियों के नाम लिखिए।



—x—